नवभारत
भोपाल, गुरुवार 21 मई 2026

ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में बंद

इटारसी में केमिस्टों ने किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

इटारसी , 20 मई. जिलें में ऑनलाइन दवा बिक्री और केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में बुधवार को शहर का दवा बाजार पूरी तरह बंद रहा. ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर इटारसी केमिस्ट एसोसिएशन ने एक दिवसीय देशव्यापी बंद का समर्थन करते हुए लगभग सभी मेडिकल स्टोर बंद रखे.

केमिस्ट एसोसिएशन के सदस्य सुबह जय स्तंभ चौक पर एकत्र हुए और अपनी 10 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया. इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की गई.

एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने कहा कि

ऑनलाइन दवा व्यापार से छोटे व्यापारियों का रोजगार प्रभावित हो रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि बिना डॉक्टर के पर्चे के दवाइयों की बिक्री आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बन रही है.

बत्रा मेडिकल के संचालक सुनील बत्रा ने कहा कि दवा कोई सामान्य वस्तु नहीं है. इसके भंडारण और परिवहन के लिए विशेष तापमान और तकनीकी व्यवस्था जरूरी होती है, जिसकी अनदेखी ऑनलाइन कंपनियां कर रही हैं.

हालांकि मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निजी अस्पतालों के मेडिकल स्टोर और शहर की दो चिन्हित दवा दुकानें खुली रखी गईं, जहां आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं. प्रदर्शन में राजू बत्रा, शशिकांत जुनेजा, रवि अग्रवाल, अभिषेक साहू और मनोज सारन सहित बड़ी संख्या में दवा व्यापारी शामिल रहे.

नर्मदापुरम में दवा दुकानों पर लगे ताले

नवभारत न्यूज
नर्मदापुरम, 20 मई. ऑनलाइन फार्मेसी की कार्यप्रणाली और बड़े कॉरपोरेट्स की मूल्य नीति के विरोध में बुधवार को देशभर के साथ नर्मदापुरम जिले में भी दवा विक्रेताओं ने एक दिवसीय बंद रखा. ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर जिले की लगभग सभी मेडिकल दुकानें बंद रहीं.

जिला मुख्यालय सहित शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में दवा बाजार पूरी तरह बंद नजर आए. बंद का असर आम लोगों पर भी दिखाई दिया, हालांकि गंभीर मरीजों को परेशानी से बचाने के लिए जीवन रक्षक दवाओं की अलग व्यवस्था की गई थी.

दवा व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन फार्मेसी के जरिए बिना पर्याप्त निगरानी दवाइयों की बिक्री हो रही है, जिससे मरीजों की सुरक्षा पर खतरा बढ़ रहा है. उन्होंने सरकार से ऑनलाइन दवा बिक्री पर सख्त नियम लागू करने की मांग की है.

इटारसी में गहराया पेयजल संकट

कई वार्डों में लोग बूंद-बूंद पानी को परेशान

पुनीत दुबे

इटारसी, 20 मई. नगर में गर्मी बढ़ने के साथ पेयजल संकट भी गहराता जा रहा है. शहर के कई वार्डों में लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा, जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. पुरानी इटारसी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 से 6 तक स्थिति अधिक गंभीर बनी हुई है. इसके अलावा वार्ड 13, 14, 15, 16 और 17 के रहवासी भी पानी की कमी से जूझ रहे हैं.

स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्हें रोजाना पानी की व्यवस्था के लिए घंटों भटकना पड़ रहा है. कई परिवार सुबह से शाम तक पानी जुटाने में लगे रहते हैं. नगरपालिका के अनुसार शहर में करीब 280 नलकूप हैं, जिनमें से लगभग 80 बंद पड़े हैं. कुछ नलकूप लंबे समय से खराब हैं.

वहीं धौखेड़ा और मेहराघाट क्षेत्र के नलकूपों से जलापूर्ति करने का दावा किया जा रहा है.

न्यास कॉलोनी में हालात और भी चिंताजनक हैं. यहां नलों से बदबूदार और झागयुक्त गंदा पानी आने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं. रहवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ. लोगों ने बताया कि पानी इतना गंदा है कि उसके पास खड़ा होना भी मुश्किल हो रहा है. इससे बीमारियों का खतरा बढ़ गया है.

नगरपालिका अधिकारियों का कहना है कि गंदे पानी की शिकायत मिलने के बाद जांच कराई गई, लेकिन स्रोत का पता नहीं चल पाया है. अधिकारियों ने संभावना जताई कि कुछ चैंबरों से गंदा पानी सप्लाई लाइन में मिल रहा होगा. अतिक्रमण के कारण जांच कार्य में भी परेशानी आ रही है.

इनका कहना है .

जल की आपूर्ति के लिये सारे प्रयास किये जा रहे हैं . हम शहर की जनता के लिये पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिय वचनबद्ध हैं .

पंकज चौरे,
अध्यक्ष,
नपा परिषद इटारसी

एक नजर में

अक्षय दीक्षित को दी श्रद्धांजलि

नर्मदापुरम, 20 मई. जिलें में स्वर्गीय अक्षय दीक्षित के जन्मदिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया. इस दौरान विधायक सीताराम शर्मा, पूर्व विधायक पंडित गिरजा शंकर शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डु पांडे सहित कई सामाजिक एवं राजनीतिक हस्तियां मौजूद रहीं. अतिथियों ने स्व. अक्षय दीक्षित को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके दोनों पुत्रों को आशीर्वाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की.कार्यक्रम में श्री हनुमान चालीसा पाठ, भारत माता की आरती, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया. अंत में सामाजिक समरसता राष्ट्रीय एकता मंच द्वारा सभी अतिथियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया.

फिरौती मामले में चौथा आरोपी गिरफ्तार

पिपरिया, 20 मई. जिलें में इलेक्ट्रॉनिक्स व्यापारी सचिन जायसवाल से 5 लाख रुपये की फिरौती मांगने और धमकाने के मामले में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है. आठ आरोपियों में शामिल चौथे आरोपी संजू उर्फ संजय ओकर को भोपाल से गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के अनुसार आरोपी ने उस समय दुकान पर पहुंचकर तीन राउंड फायरिंग की थी, जब व्यापारी सचिन जायसवाल, उनके परिजन और नगर के लोग रिपोर्ट दर्ज कराने मंगलवारा थाने पहुंचे थे. घटना के बाद इलाके में दहशत फैल गई थी.गिरफ्तार आरोपी संजू उर्फ संजय थाना चूनाभट्टी भोपाल का हिस्ट्रीशीटर बदमाश बताया जा रहा है. वह थाना कमला नगर भोपाल में दर्ज अपहरण के मामले में पिछले एक साल से फरार चल रहा था. मंगलवारा थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को दबिश देकर पकड़ा. कार्रवाई में एसआई राजेंद्र कुशवाहा, बंशज श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक योगेश यादव, प्रकाशचंद और आरक्षक दीपक लोधी की विशेष भूमिका रही. इससे पहले सोमवार को पुलिस तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर चुकी है. पुलिस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है.

वीआईपी सड़क नामकरण की मांग उठी

सोहागपुर, 20 मई. जिलें में रेलवे स्टेशन वीआईपी सड़क का नाम 'मां कर्मा देवी मार्ग' रखने की मांग तेज हो गई है. इस संबंध में साहू समाज ने नगर परिषद अध्यक्षलता यशवंत पटेल और सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा को आवेदन सौंपा. साहू समाज के अध्यक्ष भरत साहू के नेतृत्व में दिए गए आवेदन में बताया गया कि विधायक विजयपाल सिंह ने मां कर्मा जयंती कार्यक्रम के दौरान कोर्ट चौराहे से रेलवे स्टेशन तक के मार्ग का नाम 'मां कर्मा देवी मार्ग' करने की घोषणा की थी.समाज के लोगों का कहना है कि वे लंबे समय से विभिन्न मंचों पर यह मांग उठाते रहे हैं. आवेदन सौंपने के दौरान महेश साहू, ब्रजेश साहू, दीपक साहू, आशीष साहू, आनंद साहू, नरेंद्र साहू और शुभम साहू भी मौजूद रहे. सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि आवेदन प्राप्त हो गया है और इसे स्वीकृति के लिए नगर परिषद की बैठक में रखा जाएगा.

गेहूं खरीदी केंद्रों पर तुलाई दो दिन से बंद

वारदाना संकट से किसान हो रहे हैं परेशान

पिपरिया, 20 मई. पिपरिया और बनखेड़ी क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के दौरान वारदाने की कमी से किसानों की परेशानी बढ़ गई है. कई खरीदी केंद्रों पर बोरे खत्म होने के कारण पिछले दो दिनों से तुलाई बंद पड़ी है. किसान ट्रालियों में गेहूं भरकर लंबी कतारों में खड़े हैं, जबकि खरीदी की अंतिम तारीख भी नजदीक आती जा रही है.

सहकारी समिति तरोनकला सहित कई केंद्रों पर हालात गंभीर बने हुए हैं. कमला वेयर हाउस के फुल होने और माल उठाव में देरी के कारण चारों ओर गेहूं की बोरियां जमा हो गई हैं. किसानों का कहना है कि ट्राली किराया, मजदूरी और परिवहन पर प्रति ट्राली करीब पांच हजार रुपये खर्च हो रहे हैं, लेकिन तुलाई शुरू होने के आसार नजर नहीं आ रहे.

नान के तहसील प्रबंधक अंकित साहू ने कहा कि जैसे-जैसे वारदाना उपलब्ध हो रहा है, समितियों को भेजा जा रहा है. वहीं सांसद दर्शन सिंह चौधारी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया और क्षेत्रीय विधायकों ने भोपाल में खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शर्मा से मुलाकात कर

इनका कहना है .

किसान राजेंद्र पटेल और पवन पटेल ने बताया कि वे दो दिनों से लाइन में लगे हैं. किसानों को डर है कि यदि यही स्थिति रही तो स्लॉट की तारीख निकल जाएगी और उन्हें नुकसान उठाना पड़ेगा. किसानों ने खरीदी अवधि बढ़ाने की मांग भी की है.

किसानों की समस्याओं से अवगत कराया और खरीदी प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की.

कॉलेज चलो अभियान का दूसरा चरण शुरू

इटारसी, 20 मई. जिलें के शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'कॉलेज चलो अभियान' के दूसरे चरण के तहत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं. महाविद्यालय के प्राचार्य राकेश महेता ने बताया कि विद्यार्थियों की सुविधा के लिए प्रवेश हेल्प काउंटर बनाया गया है. यहां विषय चयन, प्रवेश प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों से संबंधित मार्गदर्शन दिया जा रहा है. 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों से दूरभाष माध्यम से संपर्क कर उन्हें स्नातक कक्षाओं में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है.

दो महीने बाद बिल्ली का हुआ रेस्क्यू

युवाओं ने कुएं में उतर बचाई जान

इटारसी, 20 मई. जिलें में मानवता और जीव-दया की मिसाल पेश करते हुए कुछ युवाओं ने गहरे कुएं में फंसी एक बिल्ली की जान बचाई. दुर्गा मंदिर के पीछे स्थित पुराने कुएं में करीब दो महीने से फंसी बिल्ली को बुधवार को सुरक्षित बाहर निकाला गया.

जानकारी के अनुसार कुएं से कई दिनों से बिल्ली के रोने की आवाजें आ रही थीं, लेकिन कुएं की गहराई और अंधेरे के कारण कोई नीचे उतरने की हिम्मत नहीं कर पा रहा था. जैसे ही इसकी सूचना सामाजिक कार्यकर्ता भरत गायकवाड को मिली, वे अपनी

टीम के साथ मौके पर पहुंचे.

रेस्क्यू अभियान के दौरान तीन युवक रस्सी के सहारे कुएं में उतरे. बिल्ली बेहद डरी हुई थी और बार-बार इधर-उधर छिपने का प्रयास कर रही थी. घने अंधेरे और कठिन परिस्थितियों के बीच करीब डेढ़ घंटे तक चले अभियान के बाद युवाओं ने बिल्ली को सुरक्षित पकड़ लिया.

सड़क परियोजनाओं पर सांसद ने की चर्चा

फोरलेन और पुल निर्माण को लेकर भोपाल में बैठक

पिपरिया, 20 मई. क्षेत्र की सड़क और पुल परियोजनाओं को लेकर सांसद दर्शन सिंह चौधारी ने भोपाल में एमपीआरडीसी के प्रबंध संचालक भरत यादव से मुलाकात की. बैठक में क्षेत्र की प्रस्तावित और निर्माणाधीन परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई.

सांसद ने नर्मदापुरम से बनखेड़ी तक फोरलेन सड़क निर्माण, रायसेन जिले के उदयपुरा से बनखेड़ी होते हुए झिरपा तक करीब 45 किलोमीटर सड़क निर्माण तथा बरेली से पचमढ़ी मार्ग के उन्नयन कार्य को प्रमुखता से उठाया. तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में सिंदूर नदी और उदयपुरा विधानसभा क्षेत्र में मुआर से उमरधा तक पुल निर्माण के बाद दोनों ओर एप्रोच रोड तैयार करने पर भी चर्चा की गई. सांसद चौधरी ने क्षेत्रीय विकास और बेहतर यातायात सुविधा को ध्यान में रखते हुए नई सड़कों की शीघ्र स्वीकृति और निर्माणाधीन कार्यों को तेजी से पूरा कराने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि सड़क और पुल परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र की कनेक्टिविटी मजबूत होगी. ग्रामीण और वनवासी इलाकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, वहीं व्यापार, पर्यटन और कृषि गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा.

कलेक्टर के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

नगर में चाकूबाजी कर दहशत फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग

सिवनी मालवा 20 मई. सिवनी मालवा में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल कार्यकर्ताओं द्वारा प्रांत सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख शिव राठौर एवं जिला सह मंत्री सनूप सिंह यदुवंशी के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम ज्ञापन एसडीएम विजय राय को सौंपा गया.

ज्ञापन के माध्यम से नगर में असामाजिक तत्वों द्वारा शांति प्रिय नागरिकों के साथ मारपीट और चाकूबाजी जैसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई. विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने आरोप लगाया कि 18 मई 2026 को हाट बाजार में अवैध रूप से ठेला लगाने वाले तीन भाइयों

साहिल, सोहेल एवं समीर द्वारा नगर के स्वच्छता सैनिक संस्कार राठौर, प्रशांत राठौर, सुशील गोहर, सतीष गोहर एवं अमन रघुवंशी पर खुलेआम चाकू और धारदार हथियारों से हमला किया गया, जिससे बाजार में दहशत का माहौल बन गया. संगठन ने इस घटना को निंदनीय बताते हुए आरोपियों पर कड़ी वैधानिक कार्रवाई एवं जिला बदर की मांग की. ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि बस स्टैंड क्षेत्र में छात्र-छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं बढ़ रही हैं तथा असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है. रेहड़ी-ठेलों के अतिक्रमण से यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है और आए दिन गाली-गलौज एवं मारपीट की घटनाएं हो रही हैं. इस अवसर पर जिला सह मंत्री सनूप सिंह यदुवंशी, नगर अध्यक्ष डॉ. सौरभ रघुवंशी, नगर उपाध्यक्ष नरेंद्र योगी, नगर सह संयोजक देव बाथम, रामसिंह यादव, कुणाल बग्गन, कम्मू गौर, सूरज कुशवाह, अमर धुर्वे आदि मौजूद रहे.

ज्ञापन में बताया कि नगर में कई स्थानों पर बिना वैध लाइसेंस के रेहड़ी-ठेले व्यस्त सड़कों और बाजारों में लगाए जा रहे हैं . नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा शुल्क मांगने पर उनके साथ मारपीट की जाती है तथा ठेलों पर अवैध रूप से धारदार हथियार रखे जाते हैं .

मतदाता सूची पुनरीक्षण को निर्देश जारी

कांग्रेस पदाधिकारियों से बूथ स्तर पर सक्रिय रहने की अपील

इटारसी , 20 मई. नर्मदापुरम जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकान्त गुड्डु पांडेय ने जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्षों, नगर अध्यक्षों और कांग्रेस के बीएलए पदाधिकारियों को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को लेकर निर्देश जारी किए हैं. उन्होंने कहा कि नगर पालिका और पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण के तहत नाम जोड़ने, काटने और संशोधन की दावा-आपत्ति प्रक्रिया 15 मई से 25 मई 2026 तक जारी रहेगी. यह कार्य प्रतिदिन दोपहर 3 बजे तक संबंधित मतदान केंद्रों पर किया जाएगा.

नवभारत की खबर का असर

अवैध अहातों पर प्रशासन की कार्रवाई

- **मदिरा दुकान के आसपास अवैध गुमटियां हटाई गईं**
- **आबकारी अधिनियम के तहत 02 प्रकरण दर्ज**

सिवनी मालवा, 20 मई. जिलें में मदिरा दुकानों के आसपास संचालित अवैध अहातों और गतिविधियों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है. मामले को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन और आबकारी विभाग हरकत में आया तथा संयुक्त अभियान चलाकर विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया गया.

अनुविभागीय अधिकारी विजय राय के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान मदिरा दुकानों के आसपास अवैध रूप से संचालित गुमटियों, ढाबों और बैठने की व्यवस्थाओं की जांच की गई. निरीक्षण में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई. आबकारी विभाग ने आबकारी अधिनियम की धारा 36(अ) के तहत दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए. वहीं बनापुरा स्थित मदिरा दुकान के पास एक बंद पड़ी अवैध गुमटी मिलने पर उसे तत्काल हटाने के निर्देश दिए गए. मौके पर मौजूद नगर पालिका अधिकारियों को भी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए.

एसडीएम विजय राय ने स्पष्ट कहा कि मदिरा दुकानों के आसपास किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी. उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था और सार्वजनिक सुरक्षा बनाए रखने के लिए आगे भी लगातार अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

पटाखा फैक्ट्री की सुरक्षा में मिलीं खामिया

नर्मदापुरम्. जिले के कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को सोहागपुर स्थित आहूजा पटाखा भंडारण फैक्ट्री का संयुक्त निरीक्षण किया गया. निरीक्षण एसडीएम प्रियंका भलावी, एसडीओपी, तहसीलदार और थाना प्रभारी की मौजूदगी में किया गया. निरीक्षण के दौरान फैक्ट्री का लाइसेंस वैध पाया गया.

ICICI Bank

पंजीकृत कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टॉवर, चकली सर्कल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा - 390007, गुजरात

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा पूर्व, मुंबई - 400051, महाराष्ट्र

शाखा पुनःस्थापन सूचना

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, सावलखेड़ा शाखा की ओर से

प्रिय ग्राहको,

आपको सूचित किया जाता है कि 20 जुलाई, 2026 से हम अधिक सुविधाजनक स्थान पर स्थानांतरित हो रहे हैं। नए स्थान का पता नीचे उल्लिखित है:

नया स्थान: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, खसरा नंबर-116/2, सावलखेड़ा, ओपी. डोंगरिया बाबा, मर्यादित हरदा रोड, जिला-नर्मदापुरम, मध्य प्रदेश-461001

आपके खाता नंबर या आपको जारी की गई सुरक्षा वस्तुओं में कोई बदलाव नहीं होगा।

हमारी सावलखेड़ा शाखा में लॉकर रखने वाले ग्राहकों के लिए निम्नलिखित दिशानिर्देश लागू हैं।

अपनी शाखा को स्थानांतरित करने की प्रक्रिया में, हम सुरक्षित जमा लॉकरों को भी ऊपर बताए गए पते पर स्थानांतरित करेंगे। लॉकर इकाइयों की शिफ्टिंग 16 जुलाई, 2026 को शुरू होगी और उन्हें 19 जुलाई, 2026 को नए स्थान पर स्थापित किया जाएगा।

यदि आप अपने लॉकर को नए स्थान पर संचालित करना जारी रखना चाहते हैं, तो हम आपसे अनुरोध करते हैं कि आप अपना लॉकर खाली कर दें और इसकी सामग्री का प्रभार अपने पास ले लें। कृपया 16 जुलाई, 2026 से पहले ऐसा करें। आप अपनी सुविधानुसार, 19 जुलाई, 2026 के बाद बैंकिंग घंटों के दौरान, कभी भी, उन्हें नए स्थान पर बदल सकते हैं।

यदि आप अपना लॉकर खाली करने में असमर्थ हैं, तो हमें लॉकर इकाइयों को उसकी सामग्री सहित स्थानांतरित करना होगा। लॉकर इकाइयों को उचित पर्यवेक्षण के तहत स्थानांतरित किया जाएगा और उन्हें सावधानी से संभालने के लिए हर सावधानी बरती जाएगी।

आपको हर समय सर्वोत्तम सेवाओं का आश्वासन।

सादर,
शाखा प्रबंधक, सावलखेड़ा शाखा

जनसुनवाई राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने भाजपा कार्यालय में सुनी आमजनों की समस्याएं

जनसुनवाई में वितरित किए आर्थिक सहायता के चेक

नर्मदापुरम, 20 मई. संगठनात्मक व्यवस्था के अंतर्गत राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय नर्मदापुरम में जनसुनवाई की. सांसद ने करीब 3 घंटे यह जनसुनवाई की और आम लोगों की समस्याएं सुनी.

इस दौरान सांसद श्रीमती नारोलिया ने नागरिकों एवं कार्यकर्ताओं से भी भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना एवं निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. जनसुनवाई के दौरान सांसद ने सदर बाजार निवासी पप्पू परदेशी

की असमय मृत्यु होने पर उनके परिवारजनों को अपने स्वेच्छा अनुदान से आर्थिक सहायता का चेक भी दिया.

वहीं इच्छापूर्ति मंदिर समिति रसूलिया को मंदिर हेतु एक एलईडी टीवी सेट भी प्रदान किया. इस दौरान 15 से अधिक आवेदनों पर सांसद ने सुनवाई की. भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान भाजपा जिला महामंत्री कुंवर सिंह यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश राजपूत, भाजयुमो जिलाध्यक्ष दीपक महालहा, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, पार्षद दुर्गेश चौधरी, एल्डरमैन संतोष मीना, संजीव मालवीय, मनीष परदेशी , सुचित्रा यादव, जयबाला निगम, राहुल ठाकुर, सचिन तोमर, योगेंद्र सोलंकी , धर्मेंद्र जाट , वीरू पटवा, रहमान खान, ऋषभ शुक्ला, श्रीराम सगर, जसवीर बावरा सहित भाजपा कार्यकर्त्ता व आम नागरिक उपस्थित रहे.